सीवरेज सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु निगम खरीदेगा जेटिंग मशीन

भिलाईनगर। महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अनुपस्थिति में वरिष्ठ एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू के अध्यक्षता में आहुत की गई। परिषद के समक्ष 06 प्रस्ताव विचारार्थ रखे गये। जिसमें प्रमुख रूप से निगम क्षेत्र में मटेरियल रिकवरी सेंटर निर्माण का कार्य किया जायेगा। जो ब्लाक वेस्ट जनरेटर यानि बल्क में जो कचरा एकत्रित होगा, उसको मशीन के माध्यम से सेग्रीगेट किया जाएगा। सेग्रीगेशन के पश्चात आवश्यकतानुसार कचरे का रिसाईकिलिंग खाद बनाने का कार्य एवं अन्य कार्य आसानी से किये जा सकेगें। निगम क्षेत्र में सिवरेज सफाई के लिए ट्रक माउंटेड सक्शन कम जेटिंग मशीन लागत राशि 104.70 लाख शासन द्वारा निर्धारित क्रय पद्विति के अनुसार क्रय किये जायेगे। जिससे सीवरेज की सफाई में और गति आ जायेगा। एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरों के पृथकीकरण तथा गीले कचरें से खाद तैयार किये जाने के संबंध में निगम क्षेत्र में स्थित 09 एस.एल.आर.एम. सेंटर में पंजीकृत महिला स्व–सहायता समूह के स्वच्छता दीदियो के माध्यम से कराये जाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। वार्ड 04 नेहरू नगर मिनी माता उद्यान के पास सामुदायिक भवन का स्थल परिवर्तन कर व्यावसायिक परिसर नेहरू नगर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के संबंध में आए प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। जोन–03 सीवर लाईन चेंबर निर्माण कार्य एवं सीवर, संपवेल, सीवेज पंपींग मुख्य लाईन तथा ट्रांसफार्मर, पम्प इत्यादि निर्माण कार्य हेतु आए प्रस्ताव को निगोशियेशन आमंत्रित करने की अनुशंसा की गई। महापौर परिषद की बैठक में संदीप निरंकारी, सीजू एन्थोनी, साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, केशव चौबे, चन्द्रशेखर गवई, मालती ठाकुर, लालचंद वर्मा, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, निगम सचिव नरेन्द्र कुमार बंजारे, जोन आयुक्त सतीश यादव, अभियंता अखिलेश चंद्राकर, अरविंद शर्मा, रवि सिन्हा, विनिता वर्मा, अर्पित बंजारे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, सहायक अधीक्षक राजेश पालवे आदि उपस्थित रहें।